मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 43 ■ अंक : 67 ■ बुधवार, 21 मई 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US · Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

टाइगर के ड्रेसिंग स्टाइल पर यूजर्स ने ली चुटकी

# कल्याण में इमारत का स्लैब गिरा

## एक बच्चे सहित 6 लोगों की मौत, 6 गंभीर घायल, उपचार जारी

- कल्याण पूर्व के चिकनीपाड़ा इलाके की घटना
- धोखादायक घोषित थी 4 मंजिला सप्तश्रृंगी इमारत











**कल्याण.** कल्याण पूर्व के मंगलाराघो नगर के चिकनीपाड़ा इलाके में मंगलवार दोपहर एक भयानक हादसा हुआ। 'सप्तश्रृंगी' नामक चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल का स्लैब अचानक गिरकर भूतल पर आ गिरा। इसमें दुर्भाग्यवश छह लोगों की मौत हो गई। आशंका है कि कुछ लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याण के चिकनीपाड़ा स्थित सप्तश्रृंगी इमारत का स्लैब गिरने की घटना सामने आई है। यह चार मंजिला इमारत थी। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 2:55 बजे घटी। घटना घटते ही वहां हड़कंप मच गया। घटना की सूचना प्रशासन को भी दे दी गई। इसके बाद दमकल विभाग, ठाणे आपदा प्रतिक्रिया बल (टीडीआरएफ), पुलिस, स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घटनास्थल पर तुरंत राहत कार्य शुरू किया।

घायल लोगों को इमारत से बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में घायल अरुणा रोहिदास गिरणारायन (48), शरवील श्रीकांत शेलार (4), विनायक मनोज पाधी (45), यश क्षीरसागर (13), निखिल खरात (वय 27), श्रद्धा साहू (वय 14) का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हालांकि इस घटना में ढाई साल की बच्ची के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। मशीनों की मदद से मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी है। इस दुर्घटना में अब तक आधिकारिक तौर पर 6 लोगों की मौत की घोषणा की जा चुकी है। इस घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई है। मृतकों में डेढ़ साल की एक बच्ची भी शामिल है। शेष दो पुरुषों या महिलाओं की पहचान अभी तक आधिकारिक नहीं है। सप्तश्रृंगी इमारत खतरनाक इमारतों की सूची में थी। स्थानीय प्रशासन ने मानसून से पहले इमारत को खाली करने का आदेश दिया था।

### कडोंमपा प्रशासन पर उठ रहे सवाल?

खबर लिखे जाने तक कल्याण डोंबिवली मनपा, पुलिस प्रशासन और टीडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर मौजूद है। बचाव कार्य अभी भी जारी है। प्रारंभिक जांच चल रही है और मनपा ने संकेत दिया है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक स्थानीय निवासी ने कहा, इमारत पुरानी थी, हमने मनपा को कई बार सूचित किया। लेकिन किसी ने नहीं सुनी। यह दुर्घटना न केवल प्राकृतिक आपदा है बल्कि मानवीय लापरवाही का भी परिणाम है। मुख्य प्रश्न यह है कि यह जानते हुए भी कि इमारतें खतरनाक थीं, उन्हें सही समय पर खाली क्यों नहीं कराया गया?

### मृतकों के नाम

1. प्रमिला साहू (58)
2. नामस्वी शेलार (1.5)
3. सुनीता साहू ( 37)
4. सुजाता पाडी (32)
5. सुशीला गुजर (78)
6. व्यंकट चव्हाण (42)

### घायलों के नाम

1. अरुणा रो. गिरणारायन (48)
2. शरवील श्रीकांत शेलार (04)
3. विनायक मनोज पाधी (45)
4. यश क्षीरसागर (13)
5. निखिल खरात (27)
6. श्रद्धा साहू (14)

# बाढ़ रोकने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान



- उल्हासनगर महानगरपालिका ने 10 मई से शुरू की नाले की सफाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर को बाढ़ से बचाने के लिए इस वर्ष 10 मई से महानगर पालिका ने पूरे शहर में बड़े पैमाने पर नाला सफाई अभियान शुरू किया है। नालों की सफाई का काम आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है और मनपा प्रशासन ने विशेष योजना बनाकर इसके लिए चार जेसीबी, पोकलेन मशीन और 11,500 मजदूर लगाए हैं। प्रशासन शहर के 43 बड़े नालों के साथ-साथ छोटे नालों की भी सफाई करने के लिए तैयार है ताकि इस वर्ष मानसून के दौरान नालों से पानी आसानी से बह सके।

उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले और अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस और उपायुक्त विशाखा मोटघरे के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। सहायक लोक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवारे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केने और एकनाथ पवार की एक टीम ने प्रमुख नालों से गाद, कचरा और रुकावटें हटाने का काम अपने हाथ में ले लिया है। नाला सफाई में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी शुभम कंस्ट्रक्शन को इस काम के लिए नियुक्त किया गया है और कंपनी के प्रमुख शशांक मिश्रा के मार्गदर्शन में मशीनरी के साथ काम शुरू हो गया है। यद्यपि अभी बेमौसम बारिश जारी है, तथापि मानसून के आधिकारिक आगमन में अभी कुछ दिन बाकी हैं। इसलिए उल्हासनगर महानगरपालिका ने समय रहते कार्रवाई करते हुए नाले की सफाई का काम तेज कर दिया है। नगर निगम की योजना शहरवासियों के लिए इस वर्ष के मानसून के दौरान बाढ़, स्थिर जल और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती है। अब शेष पहलुओं की योजना और क्रियान्वयन ही इस अभियान की सफलता का वास्तविक मापदंड होगा।

### छोटे नालों के लिए मैनपावर

बड़े नालों के साथ-साथ शहर में कई छोटे नाले भी मानसून के दौरान अवरोध पैदा करते हैं। इसलिए, इन्हें समय पर और ठीक से साफ करना आवश्यक है। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए मनपा ने 11,500 दिहाड़ी मजदूरों को काम पर रखा है, जो विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर रहे हैं।

### नागरिकों की सुरक्षा एक जिम्मेदारी

नाले की सफाई न केवल स्वच्छता के लिए बल्कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी एक जिम्मेदारी है। इस वर्ष हमारा स्पष्ट लक्ष्य मानसून ऋतु से पहले सभी नालों की सफाई करके बाढ़ से बचना है। पूरा सिस्टम समय पर और प्रभावी ढंग से काम पूरा करने के लिए तैयार है।

**- मनीषा आव्हाले,** आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका

# रिक्शा को टक्कर मारकर डंपर पुल से नदी में गिरा

- रिक्शा में सवार महिला की मौत
- गांधारी पुल पर जानलेवा हादसा

**कल्याण.** कल्याण पश्चिम स्थित गांधारी ब्रिज पर सुबह एक भयानक हादसा हुआ। दुर्घटना में 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दो अन्य यात्री बच गये हैं। बताया जा रहा है कि घायल युवक रिक्शा चालक है और मृतक महिला उसकी मां है। घायल युवक को इलाज के लिए कल्याण के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रिक्शा चालक नीलेश वानखेड़े अपनी मां को बापगांव से कल्याण ले जा रहे थे। इस दौरान गांधारी नदी पुल पर तेज गति से जा रहे एक डंपर चालक ने डंपर से नियंत्रण खो दिया और सामने चल रहे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर पुल तोड़कर नदी में जा गिरा। रिक्शा चालक की मां मंगल वानखेड़े (55 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रिक्शा चालक नीलेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा इतना भयानक था कि रिक्शा चकनाचूर हो गया, जबकि डम्पर पुल तोड़कर नदी में जा गिरा। डंपर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नदी का 10 फुट का किनारा टूट गया





### दुर्घटना कैसे घटी?

कल्याण की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डम्पर ने बापगांव से आ रहे एक रिक्शा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में डम्पर पुल तोड़कर सीधे नदी में जा गिरा, जबकि रिक्शा में सवार महिला मंगला वानखेड़े की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में रिक्शा चालक नीलेश वानखेड़े गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार सुबह 6:45 बजे हुई।

### डंपर चालक की तलाश जारी

कडोंमपा अग्निशमन विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी ने बताया कि मंगलवार सुबह एक राहगीर ने अग्निशमन विभाग से संपर्क कर बताया कि एक ट्रक गंधार नदी में गिर गया है। एक पुल पर ट्रक की टक्कर से एक रिक्शा टुकड़े-टुकड़े हो गया। हम तुरंत दमकल गाड़ियों और कर्मियों के साथ गांधारी नदी पर पहुंचे और पाया कि एक ट्रक नदी में डूब गया था। डूबे हुए ट्रक का कोई भी हिस्सा पानी के ऊपर दिखाई नहीं दे रहा था। इस बीच, अग्निशमन विभाग ने नदी में गिरे डम्पर और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# अंबरनाथ, भटके विमुक्तों ने अपनी मांगों को लेकर नपा कार्यालय पर मोर्चा निकाला

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ सर्कस मैदान के भटके विमुक्त निवासियों ने आक्रामक तरीके से अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर मंगलवार को अंबरनाथ नगर परिषद पर मोर्चा निकाला. मोर्चे में भटके विमुक्त नागपंथी डावरी, गोसावी समाज, कैकाड़ी, पारधी समाज के लोगों ने अपने परिवार के साथ भिमराव इंगोले के नेतृत्व में एवं वरिष्ठ नेता शाम गायकवाड़ के मार्गदर्शन में मोर्चा निकाला.

अंबरनाथ पश्चिम के सर्कस मैदान में गत 25 वर्षों से 530 भटके विमुक्त परिवार रहता है. नपा प्रशासन ने इन्हें पतरे का घर बनाकर दिया है. लेकिन इनको पीने का पानी, लाइट, गटर, फुटपाथ आद मूलभूत सुविधाएं नहीं दी हैं. मोर्चे में पारंपरिक वेशभूषा में भटके विमुक्त महिलाएं, पुरुष, बच्चे शामिल रहे. तुनतुना बजाते हुए एवं अपने बदन पर हंटर मारते हुए नपा कार्यालय में पहुंचे और अपना दुखड़ा सुनाया. उप मुख्याधिकारी राऊत ने एक अधिकारी को नियुक्त करते हुए ये आदेश निकाला है कि सात दिनों के भीतर रिपोर्ट तैयार करके सर्कस मैदान में मूलभूत सुविधाएं दी जाएं. ऐसा शाम गायकवाड़ ने पत्रकारों को बताया है. उन्होंने कहा कि भटके विमुक्त के लोग सर्कस मैदान छोड़ेंगे नहीं. अगर सात दिनों में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलीं तो इस मोर्चे से भी बड़ा मोर्चा नपा कार्यालय पर निकाला जाएगा. ऐसा शाम गायकवाड़ और इंगोले ने कहा है.



# मौत का कुआं बने शहर के गड्ढे

- गड्ढे में गिरकर 1 घायल
- उल्हासनगर 4 क्षेत्र की घटना
- बेमौसम बारिश में गड्ढों में पानी जमा
- घायल व्यक्ति की हालत गंभीर
- जिम्मेदार ठेकेदार और मनपा प्रशासन



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के गड्ढे अब जानलेवा हो गए हैं यहां आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। उल्हासनगर 4 क्षेत्र में ऐसी ही एक घटना घटी है जहां एक व्यक्ति सड़क पर बने बड़े गड्ढे में गिरकर गंभीर घायल हो गया। खबर मिली है कि उल्हासनगर 4 वीटीसी मैदान के पास भूमिगत सीवरेज योजना के लिए सड़क खोदी गई है इन मौत के कुओं में नागरिकों के गिरने से दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। कल शाम अचानक हुई बेमौसम बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी जमा हो गया और काम से घर जाते समय वीरेंद्र कुमार जानकारी के अभाव में गड्ढे में गिर गए और गंभीर घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें आगे के इलाज के लिए कलवा के अस्पताल में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ठेकेदार द्वारा गड्ढों के किनारे सुरक्षा कारणों से कोई बैरिकेड्स नहीं लगाए गए हैं और इस वजह से ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस घटना का जिम्मेदार लोग ठेकेदार और मनपा प्रशासन को बता रहे हैं क्योंकि अब यह फिर एक बार किसी की मौत का इंतजार कर रहे हैं।

# अंबरनाथ नपा बेघर निवारा केंद्र बना गरीबों के लिए जीवनदान

- 36 महिला-पुरुष को सभी सुविधाएं नपा दे रही

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के अंतर्गत शहर पश्चिम के वुलन चाल में बेघर निवारा केंद्र में 36 बेघर लाभार्थियों को मुफ्त निवास एवं सभी आवश्यक सुविधाएं नपा के मार्फत दी जा रही है. केंद्र शासन पुरस्कृत दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय नागरी उपजीविका अभियान अंतर्गत स्थापना की गई. इस बेघर निवारा की सफलता पर राज्य भर में इसकी प्रशंसा की जा रही है. रास्ते पर, रेलवे स्टेशन के परिसर में रहनेवालों और किसी भी प्रकार का जीवन आधार नहीं रखने वाले नागरिकों के लिए ये बेघर निवारा केंद्र कायम रूप से शुरू किया या है. इन लोगों के लिए आरोग्य कैम्प, शासन की विविध योजनाओं का लाभ एवं अन्य सुविधाएं इन्हें दी जाती है. इस उपक्रम के कारण अंबरनाथ के बेघर नागरिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन शैली प्राप्त हुई है. अंबरनाथ के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ के मार्गदर्शन एवं सहकार्य से इस निवारा केंद्र की व्यवस्थापना, गुणवंता ऊंचाई की तरफ है. अंबरनाथ नगर परिषद का ये उपक्रम अन्य शहरों के लिए प्रेरणादायी है. वुलनचाल में 3 मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है. 4 अगस्त 2023 से ये निवारा केंद्र चल रहा है. निवारा की क्षमता 82 है, अभी यहां 36 लाभार्थी हैं. महिला लाभार्थियों को पहली मंजिल और पुरुषों को दूसरी मंजिल पर रखा गया है.



# सीट विवाद को लेकर महिला यात्री की बेरहमी से पिटाई





- अंबरनाथ लोकल में चौंकाने वाली घटना
- विकलांग डिब्बे में हुई घटना

**अंबरनाथ.** मुंबई की लोकल ट्रेन में मारपीट का एक चौंकाने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। खिड़की के पास बैठने के कारण को लेकर बहस छिड़ गई और एक पुरुष यात्री ने महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाया गया है कि पिटाई के दौरान महिला जमीन पर गिर गई, जिससे उसने उसे लात भी मारी। यह वीडियो वायरल हो रहा है और इसमें शामिल पुरुष यात्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग हो रही है। यह स्पष्ट हो रहा है कि वायरल हो रहा वीडियो सीएसएमटी से अंबरनाथ जाने वाली लोकल ट्रेन का है।

मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद महिला ट्रैवल्स एसोसिएशन की पदाधिकारी वीडियो की जांच कराने, मारपीट करने वाले व्यक्ति का पता लगाने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। बताया जा रहा है कि ठाणे जीआरपी और आरपीएफ इस मामले की जांच कर रही है।

इस वीडियो में एक पुरुष यात्री एक महिला यात्री से बहस करता हुआ दिखाई दे रहा है। यह पुरुष यात्री अपने परिवार के साथ है, किसी बहस के बाद, पुरुष यात्रियों द्वारा एक महिला यात्री की पिटाई की जा रही है। कुछ लोग हस्तक्षेप कर रहे हैं. हालांकि, उसे पीटने वाला शख्स नहीं रुक रहा है, यह वीडियो सोमवार शाम का बताया जा रहा है। इस संबंध में महिला रेल यात्री संघ की पदाधिकारी लता अरगड़े का कहना है कि कुछ ग्रुपों पर वीडियो आने के बाद उन्होंने आरपीएफ और जीआरपी को वीडियो भेजकर इस संबंध में जानकारी मांगी है।

रेलवे जीआरपी पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है ताकि पता लगाया जा सके कि वह कहां रहता है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इस व्यक्ति की तलाश जारी है। यह घटना लोकल ट्रेन के विकलांग डिब्बे में घटी।

# उल्हास नदी में मिट्टी भराई करने पर 10 करोड़ रुपए का जुर्माना

- सत्संग विहार संस्था को नोटिस जारी
- 7 दिन के भीतर जुर्माना भरने का आदेश

**उल्हासनगर.** उल्हास नदी तल में मिट्टी भराई के मामले में अंबरनाथ तहसीलदार कार्यालय ने आखिरकार सत्संग विहार संस्था के प्रबंधकों पर 10 करोड़ 16 लाख 17 हजार 141 रुपये का जुर्माना लगाया है। सत्संग विहार द्वारा उल्हासनदी तट में अनधिकृत रूप से 8,912 ब्रास मिट्टी, 196 ब्रास पत्थर और 83 ब्रास पत्थर पाउडर भरा गया। इसलिए इस लघु खनिज के लिए 9 करोड़ 93 लाख 67 हजार 141 रुपए जुर्माना लगाया गया है. इस भराई के लिए प्रयुक्त उपकरण के मुचलके की कीमत रु. 22 लाख 50 हजार है. अंबरनाथ तहसीलदार अमित पुरी ने अगले सात दिनों के भीतर यह जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है।

बदलापुर पश्चिम के हेंड्रेपाड़ा स्थित सत्संग विहार संस्था द्वारा बदलापुर शहर में बहने वाली उल्हास नदी के तल में भारी मात्रा में मिट्टी भरी गई। परिणामस्वरूप उल्हास नदी का मार्ग बदल गया है, ऐसा दावा पर्यावरण संरक्षण के लिए लड़ने वाली वनशक्ति संस्था ने किया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा इसके खिलाफ आवाज उठाने के बाद यह काम रोक दिया गया। नागरिकों ने आरोप लगाया कि नदी के तल में समतल भूमि बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में अंबरनाथ तहसील कार्यालय ने शिकायत के बाद पंचनामा बनाकर यहां काम रुकवा दिया है। इसके बाद इस मामले में कार्रवाई की मांग जोर पकड़ने लगी। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और पर्यावरणविदों के विरोध के बाद अंबरनाथ तहसील कार्यालय ने इस मामले में दंडात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए।





संगठन की ओर से यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि तय समय के भीतर यह राशि सरकारी खातों में जमा नहीं की गई तो महाराष्ट्र भूमि राजस्व अधिनियम 1966 के प्रावधानों के अनुसार दंड राशि जबरन वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए यदि आदेश के खिलाफ अपील दायर करनी हो तो आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर उल्हासनगर उपविभागीय अधिकारी की अदालत में अपील दायर करने का प्रावधान है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## 'सिंदूर' के पीछे साजिश

भारत में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही एक महिला की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। पाकिस्तान की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। आतंकवादियों को पालने और सीमा पर तनाव बढ़ाने के साथ एक के बाद एक वह साजिशें रचता रहा है। इसमें वह भारतीय नागरिकों को बहला-फुसला या किसी तरह फंसा कर खुफिया जानकारियां जुटाने का प्रयास करता रहा है। बीते कुछ दशक में उसने अपना यह जासूसी संजाल मजबूत कर लिया है।

'आपरेशन सिंदूर' के बाद चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिस तरह एक के बाद एक पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे लोग गिरफ्तार हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि उसका संजाल काफी फैला हुआ है। पर सवाल यह भी उठता है कि भारतीय खुफिया एजंसियों की जो सतर्कता अब दिखाई दे रही है, वह पहले क्यों नहीं थी। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को दुश्मन देश की खुफिया एजंसियां 'अपने संपर्क' के तौर पर काफी समय से तैयार कर रही थी।

हैरानी है कि इसकी भनक भारतीय एजंसियों को इतनी देर से क्यों लगी? इसके अलावा कई भारतीयों का आइएसआइ के संपर्क में आना गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एनआइए ने कैथल में एक पाक जासूस को पकड़ा, तो पंजाब पुलिस ने सैन्य जानकारी साझा कर रहे गुरदासपुर के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब तो जासूसी की जांच उत्तर प्रदेश के रामपुर तक जा पहुंची है।

ऐसा लगता है कि पहलगाम आतंकी हमले के पहले से पाकिस्तान, भारत में जासूसों का जाल बना रहा था। अगर वह ऐसा कर रहा था, तो इस कड़ी को पकड़ने में चूक कैसे हुई। अगर यह दावा किया जा रहा है कि आतंकी हमले से पहले ज्योति मल्होत्रा पहलगाम गई थी, तो यह निश्चित रूप से गंभीर मामला है और इसकी तह में जाने की जरूरत है। कुछ जासूसों का राजनीतिक संपर्क भी देखा गया है।

डीआरडीओ के एक वैज्ञानिक की गिरफ्तारी को लोग आज भी नहीं भूले हैं। तब उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल भी उठा था। जासूसों को वीजा कौन और कैसे दिलवाता है, इसकी जांच भी होनी ही चाहिए।

# ऑपरेशन सिंदूर से देश-दुनिया को संदेश




भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के समय एक अन्य स्तर पर भी लड़ाई छिड़ी हुई थी। यह लड़ाई प्रतीकात्मक, सांकेतिक और नैतिकता के धरातल पर चल रही थी। इस नैरेटिव युद्ध में भी भारत ने विजय पाई और वैश्विक पटल पर भी अपनी नैतिक श्रेष्ठता एवं साफ्ट पावर का ध्वज लहराया। युद्ध में प्रतीकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि विभिन्न प्रतीकों-शब्दों, चिह्नों, विचारों और कविता-कहानियों या शास्त्रीय आधार पर भी लड़ा जाता है।

ये प्रतीक युद्ध में प्रभाव, शक्ति और वैधता के उपकरण भी होते हैं, जो संबंधित राष्ट्र की वैचारिकी और साफ्ट पावर को संप्रेषित करते हैं, सैन्य कार्रवाईयों को वैधता प्रदान करते हैं। लोगों में एकता का भाव भरने के साथ ही गहरी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी जगाते हैं। भारत ने इस संघर्ष में प्रतीकों का उपयोग रणनीतिक और सांस्कृतिक दोनों रूपों में किया।

हमने घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनमत को प्रभावित करते हुए एक प्रभावशाली नैरेटिव बनाने का सफल प्रयास भी किया। इस कड़ी में ऑपरेशन सिंदूर नाम ही सूक्ष्म प्रतीकात्मकता और गहरी अर्थवत्ता लिए हुए है। यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, भावनात्मक और राजनीतिक संकेत भी था। भारतीय समाज में विवाहित स्त्री के लिए सिंदूर उसके सम्मान, सुरक्षा और पवित्रता का प्रतीक होता है। 'सिंदूर' का लाल रंग शौर्य, पराक्रम और बलिदान का भी प्रतीक है, जिसकी जीती-जागती मिसाल भारतीय सेना है।

ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती दिनों में महिला अधिकारी सैन्य परिधान में प्रेस कांफ्रेस में आईं। उन्होंने देश की नारी शक्ति का परिचय दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की कार्रवाई केवल सामरिक नहीं, बल्कि यह अधर्म के विरोध में धर्म की रक्षा के लिए है। यहां धर्म का अर्थ कोई रिलीजन या मजहब नहीं।

धर्म का अर्थ यहां सत्य और न्याय है, जबकि अधर्म का अर्थ असत्य एवं अन्याय के पक्ष में खड़ी आसुरी आतंकवादी ताकतें यानी पाकिस्तानी सेना है। इसी परिप्रेक्ष्य में गीता के श्लोक 'यदा यदा हि धर्मस्य...' का भी उल्लेख किया गया। सैन्य टकराव के बीच ही प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध का भी स्मरण किया। बुद्ध शांति के अन्यतम प्रतीक हैं। मोदी ने जहां यह कहा कि यह समय युद्ध का नहीं, वहीं यह भी स्पष्ट किया कि यह वक्त आतंकवाद का भी नहीं है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि शांति का मार्ग शक्ति के माध्यम से ही प्रशस्त होता है। भारत न युद्ध चाहता है और न युद्ध से डरता है। वह शांति चाहता है, लेकिन अपनी सीमाओं-नागरिकों की रक्षा के लिए वह पूर्ण संकल्पित है। युद्ध के समय जनता और सैनिकों का मनोबल बनाए रखने और अपनी कार्रवाई को न्यायोचित दिखाने के लिए एक अन्य शास्त्रीय प्रतीक था 'शिव तांडव स्तोत्र', जो ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग के दौरान सुनाया गया। यह सेना के शौर्य और पावन समर्थन का प्रतीक था, जिसने सैन्य कार्रवाइयों को भारत की महान सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ा। 'शिव तांडव स्तोत्र' भारतीय सेना के लिए शुद्ध धार्मिकता से परे एक युद्धगीत की भांति है, जो शक्ति, साहस और नैतिकता का स्रोत भी है।

यह स्तोत्र अत्याचारी के विनाश एवं विश्व के कल्याण की भारतीय दृष्टि को भी रूपायित करता है, जो शिव के तांडव नृत्य का संदेश है। भाषा, शब्द और साहित्य का भी अपना प्रतीकात्मक महत्व है जो संप्रेषण और नैरेटिव में प्रभावशाली भूमिका निभाता है। ऑपरेशन सिंदूर को न्यायसंगत ठहराते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तुलसीदास की चौपाई का उल्लेख किया-'जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे.' यानी हमने उन्हीं अर्थात केवल आतंकवादियों को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। सेना की प्रेस ब्रीफिंग में रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों 'हित-वचन नहीं तूने माना, मैत्री का मूल्य न पहचाना। याचना नहीं, अब रण होगा, जीवन-जय या कि मरण होगा' के उल्लेख ने भी चमत्कारी प्रभाव पैदा किया। इस प्रभाव को एयर मार्शल एके भारती ने यह कहकर और स्पष्ट किया कि 'भय बिनु होय न प्रीति' अर्थात बिना दंड एवं डर के दुष्टों को समझ नहीं आता।





**खुशी इसमें है कि हम यह सोचें कि प्रभु ने हमें क्या-क्या दिया है।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 'अगर ठेस पहुंची हो' नहीं चलेगा अब



राजनेताओं में यह प्रवृत्ति पिछले कुछ समय से काफी तेजी से पनपी है कि वे सार्वजनिक मंचों से अशोभन, अमर्यादित और भड़काऊ बयान देना अपनी शान समझते हैं। अगर उन पर आपत्ति दर्ज कराई जाती है, तो अक्सर वे उस पर टालमटोल का रुख अख्तियार करते हैं। ज्यादा दबाव बनता है, तो यह कहते हुए वे क्षमा मांग लेते हैं कि अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची है, तो वे अपनी बात वापस लेते हैं।

मगर सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद शायद राजनेताओं को कुछ सबक मिले। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में जैसी भद्दी टिप्पणी की, उसे लेकर स्वाभाविक ही लोगों में रोष पैदा हुआ। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने उस पर भी टालमटोल का रवैया अख्तियार किया, जैसा कि रसूखदार लोगों के मामले में वह अक्सर करती है। तब उच्च न्यायालय ने दुबारा सख्त प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

फिर, मंत्री महोदय ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष क्षमा याचना की। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि आपका कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। इस मामले की जांच के लिए बाहरी राज्य के तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का एक विशेष कार्यबल गठित करने का आदेश दिया, जिसमें एक महिला अधिकारी भी होगी। न्यायालय इस जांच पर नजदीक से नजर रखेगा।

सर्वोच्च न्यायालय के इस रुख से जाहिर है कि मंत्री के खिलाफ कड़ा फैसला आ सकता है। किसी निष्ठावान सैन्य अधिकारी का संबंध आतंकवादियों से जोड़ना न केवल उसका अपमान करना, बल्कि पूरी सेना का मनोबल गिराने का प्रयास कहा जा सकता है। इस पर स्वाभाविक ही पूरे देश में रोष जाहिर हुआ, मगर विचित्र है कि विजय शाह के बयान के बचाव में भी कुछ लोग उतर आए। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस पर अभी तक खामोश है। इससे विपक्षी दलों को बैठे-बिठाए निशाना साधने का मौका मिल गया है। अब तो राजग के कुछ सहयोगी भी इस मामले की कड़ी निंदा करने लगे हैं।

कुछ मामले व्यक्तिगत नहीं होते, कि जिन पर पार्टी चुप्पी साध सके। अनेक मामलों में देखा जाता रहा है कि जब भी कोई बड़ा नेता इस तरह अपने किसी बयान के कारण विवादों में घिरता है, तो पार्टी उससे अपने को अलग कर लेती है। मगर विजय शाह के मामले में ऐसा नहीं किया जा सकता। वे एक राज्य सरकार में जिम्मेदार मंत्री पद का निर्वाह कर रहे हैं। अगर विजय शाह के खिलाफ अदालत कोई कड़ा कदम उठाती है, तो इससे पार्टी की किरकिरी और बढ़ेगी ही। इस तरह के बयान देने वाले नेताओं को संरक्षण देकर आखिरकार पार्टियों की साख पर ही धब्बा लगता है। अपने नेताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाना पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का दायित्व होता है।

फिर, सवाल मध्यप्रदेश सरकार पर भी उठे ही हैं कि आखिर मुख्यमंत्री किन दबावों में एक विवादित नेता को मंत्री पद पर बरकरार रखे हुए हैं। किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह अच्छी बात नहीं मानी जाती कि उसके किसी नेता को अनुशासित करने के लिए अदालत को कदम उठाने पड़ें। इतना कुछ हो जाने के बाद विजय शाह को खुद भी शायद इस बात का अहसास नहीं हो पाया है कि उन्होंने गैरजिम्मेदाराना बयान देकर अपने और पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

# छत्तीसगढ़ का ऐसा गांव, जहां हर घर से एक फौजी

**जरा हट के**

हर घर से एक फौजी, हर दिल में देशभक्ति किरित गांव में शायद ही कोई ऐसा घर हो, जहां से कोई सेना में न गया हो, यहां के बच्चों का सपना बचपन से ही एक ही होता है. वर्दी पहनना और देश की सेवा करना, सुबह की शुरुआत गांव में दौड़ और शारीरिक अभ्यास से होती है, और यह सिलसिला तब तक नहीं रुकता जब तक गांव के मैदान से 'जय हिंद' की गूंज न सुनाई दे. किरित गांव देशभक्ति की मिट्टी में पला-बढ़ा एक अनोखा गांव, जहां हर सुबह देश के लिए धड़कता है दिल, और हर घर से निकलता है एक फौजी, आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में बसा एक छोटा-सा गांव किरित पूरे देश के लिए प्रेरणा बन गया है. इस गांव की खासियत यह है कि यहां के 100 से भी अधिक युवक भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं, जिसमें से कुछ थलसेना में हैं, तो कुछ वायुसेना और नौसेना में भी कार्यरत हैं, यह



गांव देशभक्ति की एक जीवंत मिसाल है. इसलिए इस गांव को सैनिक नगरी भी कहा जाता हैं.

ग्रामीण और सैनिक के पिता अमृतलाल चंद्रा ने बताया की किरित गांव सिर्फ एक नाम नहीं, यह देशभक्ति की मिसाल है, यहां के बच्चों की आंखों में वर्दी का सपना है, और कदमों में वह जज़्बा जो देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है, यह गांव पूरे देश को यह संदेश देता है, अगर इरादा मजबूत हो, तो हर गांव एक प्रेरणा बन सकता है. सैनिक के पिता घसियाराम साहू ने बताया की सुबह 3 बजे उठकर ट्रेनिंग होती है.

यह गांव केवल सपने नहीं देखता, उन्हें साकार भी करता है सुबह 3 बजे से ही गांव के 40 से 50 बच्चे मैदान में उतर जाते हैं, जहां उन्हें प्रशिक्षण देने का जिम्मा संभालते हैं गांव के ही एक रिटायर्ड सैनिक, अनुशासन, मेहनत और समर्पण के साथ दी जाने वाली यह ट्रेनिंग इन युवाओं को फिजिकल टेस्ट से लेकर मानसिक रूप से भी सेना के लिए तैयार करती है, राजन कुमार पात्रे ने कहा की पुरानी परंपरा, नई प्रेरणा गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि यह परंपरा नई नहीं है, दशकों पहले जब कोई फौजी गांव लौटता था, तो पूरा गांव उसे फूलों से स्वागत करता था, उसकी वीरता की कहानियाँ बच्चों को सुनाई जाती थीं, और वही कहानियाँ आज बच्चों के मन में देशसेवा की लौ जलाए हुए हैं.




# हेल्दी ओट्स चीला

सुबह नाश्ते में अगर आप प्लेन ओट्स खाकर बोर हो गए हैं, तो आप ओट्स का चीला भी बना सकते हैं। ओट्स का चीला सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है और इसे बनाना भी काफी आसान होता है। इसे सूजी और दही मिलाकर बनाया जाता है। आइए जानें ओट्स चीला बनाने की एकदम आसान रेसिपी।

**सामग्री :**

- 1 कप ओट्स
- 2 कप सूजी
- ½ कप दही
- अदरक का पेस्ट
- हरी मिर्च
- हल्दी
- जीरा
- 2 प्याज
- 2 टमाटर
- तेल
- नमक स्वादानुसार

**विधि :**

ओट्स चीला बनाने के लिए



सबसे ओट्स को सूखा भून लें। इन्हें मध्यम आंच पर कुरकुरा होने तक भूनें, लेकिन ध्यान रखें कि यह जले नहीं। जब ओट्स भुन जाएं, तो इन्हें ठंडा होने के लिए एक प्लेट में रख दें। जब ये पूरी तरह ठंडे हो जाएं, तो इन्हें मिक्सी में पीसकर इनका पाउडर बना लें।

अब एक कटोरे में पिसे हुए ओट्स, सूजी, दही और पानी मिलाकर बैटर तैयार कर लें। ध्यान रखें कि बैटर न तो ज्यादा पतला हो और न ज्यादा मोटा। इसके बाद इसमें सभी मसालें और बारीक कटी हुई सब्जियों को मिलाएं। इसके बाद इसे 10 मिनट तक ढंककर छोड़ दें।

अब एक तवा गर्म करें और उस पर थोड़ा सा तेल डालें। जब तेल हल्का गर्म हो जाए, तो इसपर बैटर डालें और गोलाकार में फैलाएं। इसे मध्यम आंच पर पकने दें और फिर इसे पलटकर दूसरी तरफ से भी सेक लें। ओट्स चीला बनकर तैयार है। इसे पुदीने या धनिया की चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए जहर के समान हैं ये 4 सब्जियां

डायबिटीज में अगर डाइट पर ध्यान न दिया जाए, तो शुगर कंट्रोल करना मुश्किल हो सकता है। आप जो भी खाते हैं, वह आपके ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करता है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को कम कार्बोहाइड्रेट्स और लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स खाने चाहिए। ऐसे में आमतौर पर फलों और सब्जियों को हेल्दी मानते हैं, लेकिन कुछ सब्जियां ऐसी हैं, जो डायबिटीज के मरीजों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। आइए जानें डायबिटीज के मरीजों को किन सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल नहीं करना चाहिए या बेहद सीमित मात्रा में करना चाहिए।

## डायबिटीज में कौन-सी सब्जियां नहीं खानी चाहिए?

### आलू

आलू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी ज्यादा होता है और इसमें स्टार्च भी काफी मात्रा में होती है। इसलिए ज्यादा मात्रा में आलू खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, आलू आसानी से पच भी जाता है। इसलिए यह जल्दी-जल्दी ब्लड में ग्लूकोज रिलीज करता है और शुगर लेवल बढ़ने लगता है। इसलिए आलू खाने से डायबिटीज के मरीजों को परेशानी हो सकती है।

### स्वीट कॉर्न

स्वीट कॉर्न का ग्लाइसेमिक इंडेक्स मीडियम होता है, लेकिन इसमें कार्बोहाइड्रेट्स ज्यादा होता है। इसलिए अगर इसे ज्यादा मात्रा में खाया जाए, तो ब्लड शुगर बढ़ सकता है। यहीं कारण है कि डायबिटीज के मरीजों को स्वीट कॉर्न्स बिल्कुल सीमित मात्रा में खाने की सलाह दी जाती है।



### रतालू

रतालू को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसलिए लोग इसकी सब्जी बड़े चाव से खाते हैं। लेकिन आपको बता दें कि यह डायबिटीज के मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। इस सब्जी का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी ज्यादा है और इसमें कार्बोहाइड्रेट्स भी ज्यादा मात्रा में होते हैं। इसलिए इसे खाने से तेजी से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

### जिमीकंद

जिमीकंद खाने से भी डायबिचीज के मरीजों का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। हालांकि, इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स मीडियम ही होता है, लेकिन अगर इसे ज्यादा मात्रा में खा लिया जाए, तो शुगर लेवल स्पाइक हो सकता है। इसलिएड डायबिटीज के मरीजों को जिमीकंद नहीं खाना चाहिए या बिल्कुल कम मात्रा में खाना चाहिए।

## डायबिटीज के मरीजों को क्या खाना चाहिए?

ऐसी सब्जियों को डाइट में शामिल करें, जिनमें स्टार्च कम हो और ग्लाइसेमिक इंडेक्स पर लो हो। इन सब्जियों को खाने से ब्लड शुगर लेवल अचानक से नहीं बढ़ेगा और सेहत को फायदा भी मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद होती हैं। इनमें फाइबर, प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल होते हैं, जो शुगर कंट्रोल करने के साथ-साथ सेहत को भी दुरुस्त रखते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**वृषभ** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** : परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे।

**सिंह** : धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा। कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे।

**कन्या** : व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। प्रमाद न करें।

**तुला** : व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**धनु** : भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें। जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मकर** : विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। जोखिम न उठाएं।

**कुंभ** : किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। आय होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी से चोट लग सकती है। शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मीन** : धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पैरों में सूजन किन परेशानियों का संकेत?

कई लोगों के पैरों में सूजन की समस्या आ जाती है. थोड़ा-बहुत घूमने से भी पैरों में सूजन आ जाती है और दर्द की शिकायत बनी रहती है. वैसे तो यह समस्या बहुत कॉमन होती है, लेकिन कई बार यह परेशानी लगातार बढ़ती रहती है. कई लोग मानते हैं कि पैरों में पानी जमा होने से सूजन आ जाती है, जबकि कई लोग थायरॉइड की बीमारी को इस सूजन से जोड़कर देखते हैं. अब सवाल है कि आखिर पैरों की सूजन के पीछे क्या-क्या वजह हो सकती हैं और यह परेशानी होने पर किस डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए. चलिए इस बारे में जान लेते हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो पैरों में सूजन की सबसे बड़ी वजह फ्लूड रिटेंशन को माना जाता है. जब शरीर में जरूरत से ज्यादा फ्लूड जमा हो जाता है, तब सूजन की समस्या आ जाती है. मेडिकल की भाषा में इसे एडीमा (Edema) कहा जाता है. जब शरीर के ऊतकों में एक्स्ट्रा फ्लूड जमा होने लगता है, तब पैरों में भारीपन और सूजन महसूस होती है. यह समस्या लंबे समय तक बैठे रहने, ज्यादा देर खड़े रहने या बहुत कम फिजिकल एक्टिविटी करने वालों में ज्यादा देखी जाती है.

किडनी और लिवर से जुड़ी बीमारियां भी पैरों में सूजन का कारण बन सकती हैं. जब किडनी सही तरीके से शरीर का वेस्ट और एक्स्ट्रा पानी नहीं निकाल पाती, तो ये फ्लूड पैरों में जमने लगता है. इसी तरह लिवर में प्रोटीन प्रोडक्शन की कमी भी फ्लूड बैलेंस को प्रभावित करती है, जिससे पैरों में सूजन आने लगती है. अगर सूजन के साथ पेशाब कम आ रहा है, थकान महसूस हो रही है या आंखों और त्वचा पर पीलापन है, तो तुरंत जांच करानी चाहिए.



पैरों में सूजन दिल की समस्याओं का भी संकेत हो सकता है. जब हार्ट सही ढंग से खून को पंप नहीं कर पाता है, तो खून और तरल पदार्थ शरीर के निचले हिस्सों में जमा होने लगते हैं, विशेषकर टखनों और पैरों में जमा हो जाते हैं. इसे कंजेस्टिव हार्ट फेलियर कहा जाता है. अगर सूजन के साथ सांस लेने में दिक्कत, सीने में दर्द या थकान महसूस हो रही है, तो तुरंत कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क करना जरूरी है. दिल की बीमारियों से जूझ रहे लोगों को इसे लेकर बिल्कुल भी लापरवाही नहीं करनी चाहिए.

अगर एक पैर में अचानक सूजन आ जाए और वह दर्दनाक हो, तो यह नसों में खून के थक्के का संकेत हो सकता है. यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है, क्योंकि थक्का फेफड़ों तक पहुंच सकता है और पल्मोनरी एंबोलिज्म का कारण बन सकता है. इसलिए ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और डॉप्लर अल्ट्रासाउंड जैसी जांच कराएं. इसके अलावा थायरॉइड ग्रंथि शरीर के मेटाबॉलिज्म और द्रव संतुलन को नियंत्रित करती है. हाइपोथायरॉइडिज्म से पैरों में सूजन आ सकती है. महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के दौरान भी पैरों में सूजन आ जाती है. अगर सूजन लंबे समय तक बनी रहे, तो एंडोक्राइन स्पेशलिस्ट से सलाह लेनी चाहिए.

# कंडीशनर क्यों है ज़रूरी?

आजकल बालों की देखभाल के लिए ढेरों प्रोडक्ट्स बाजार में मौजूद हैं, लेकिन सबसे आम सवाल जो कई लोग पूछते हैं, वो ये है क्या कंडीशनर लगाना ज़रूरी है? कई लोग सिर्फ शैंपू तक ही सीमित रहते हैं और सोचते हैं कि कंडीशनर सिर्फ एक ऐडऑन प्रोडक्ट है. लेकिन हकीकत में ये बालों की सेहत के लिए अहम भूमिका निभाता है. तो अगली बार जब आप शैंपू करें, तो कंडीशनर को नजरअंदाज न करें. क्यों कंडीशनर लगाना ज़रूरी है? आइए जानते हैं.

### कितने प्रकार के होते हैं?

कंडीशनर मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं. एक होता है लाइट या वॉटर-बेस्ड कंडीशनर, जो बहुत हल्का और थोड़ा पतला होता है. इसका टेक्सचर पानी जैसा होता है और ये बालों पर हल्का असर करता है. दूसरा होता है थिक या गाढ़ा कंडीशनर, जिसका टेक्सचर भारी होता है और यह बालों को ज्यादा नमी और मुलायमता देता है.

आपके बालों की जरूरत के हिसाब से आप इनमें से कोई भी चुन सकते हैं. अगर बाल पतले हैं, तो हल्का कंडीशनर ठीक रहेगा. अगर बाल मोटे और रूखे हैं, तो गाढ़ा कंडीशनर बेहतर असर दिखाता है.

### कंडीशनर कितनी बार लगाना चाहिए?

कंडीशनर रोजाना लगाना ज़रूरी नहीं है. इसे हफ्ते में एक से तीन बार इस्तेमाल किया जा सकता है. ये इस बात पर निर्भर करता है कि आपके बालों की लंबाई क्या है और उनमें कितना रूखापन है. अगर बाल ज्यादा सूखे या घुंघराले हैं, तो कंडीशनर थोड़ी ज्यादा बार लगाना अच्छा रहेगा.

### क्या हैं सही तरीका?

जब आप शैंपू कर लें, तो सबसे पहले बालों से अतिरिक्त पानी हल्के हाथों से हटा लें. इसके बाद कंडीशनर को सिर्फ बालों की लंबाई पर लगाएं. ध्यान रहे, इसे सिर की जड़ों तक नहीं लगाना चाहिए. क्योंकि आपने अभी-अभी जड़ों को अच्छे से साफ किया है और अगर वहां गाढ़ा कंडीशनर लग गया, तो फिर से चिपचिपाहट और ऑयल जमा हो सकता है.

कंडीशनर को बालों में तीन से चार मिनट तक रहने दें ताकि वो अपना असर दिखा सके. फिर बालों को अच्छे से धो लें. आप खुद महसूस करेंगे कि बाल पहले से ज्यादा मुलायम, चमकदार और सुलझे हुए लग रहे हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### होटल के कमरे में मिली युवती की अर्धनग्न लाश, रात में ही फरार हुआ साथी

यूपी के कानपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां फजलगंज स्थित एक होटल में एक युवती का अर्धनग्न हालत में शव मिला। कमरे में से शराब की बोतल, गांजा और सिगरेट बिखरा पड़ा मिला। युवती एक युवक के साथ होटल आई थी जो रात में निकल गया था। होटल के थर्ड फ्लोर पर स्पा सेंटर भी था। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या की आशंका पर युवक व होटल के कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया नशे के ओवरडोज से मौत की आशंका जताई है। विजय नगर की रहने वाली 24 साल की युवती आर्य नगर स्थित रेस्टोरेंट में काम करती थी। वह रविवार रात आठ बजे के बाद 29 वर्षीय उत्कर्ष जायसवाल के साथ होटल माउंटेन पहुंची थी। दोनों का आधार कार्ड लेकर होटल कर्मचारी ने उन्हें दूसरे तल स्थित कमरा नंबर 107 दिया। देर रात तीन बजे के बाद युवक होटल से चला गया। सोमवार सुबह 11 बजे के बाद युवती के चेक आउट नहीं करने पर कर्मचारी कमरे पर पहुंचा। काफी समय तक खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं आया तो पुलिस को जानकारी दी।

### मुरादाबाद में 50 से अधिक गोदामों में आग से कई घर भी चपेट में, खाली कराया गया इलाका

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद में भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव रानी नागल में कपड़ों के पुराने गोदाम में भीषण आग लग गई है। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते आग ने 50 से अधिक गोदामों को चपेट में ले लिया। कुछ घर भी आग की चपेट में आ गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर करीब दो घंटे बाद दकमल की गाड़ियां पहुंची तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम के साथ ही पुलिस-प्रशासन की टीम भी मौके पर जुटी रही। आग लगने की सूचना पर एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार, एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना, सीओ ठाकुरद्वारा रुद्र कुमार सिंह, एसएचओ भोजपुर, एसएचओ भगतपुर, एसएचओ डिलारी टीमों के साथ गांव पहुंच गए। एहतियात के तौर पर गोदाम के आसपास के 60 से अधिक मकानों को खाली करा दिया गया।

### गोंडा के बाद आगरा में एनकाउंटर; आरोपी मुरसलीन गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**गोंडा.** यूपी पुलिस लगातार एक्शन मोड में है। सोमवार की देर रात पुलिस ने गोंडा में एक लाख रुपए के इनामी सोनू पासी उर्फ भुर्रे को मार गिराया। वहीं मंगलवार तड़के आगरा में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक मुरसलीन नाम के बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में मुरसलीन के पैर में गोली लग गई। वह वहीं गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मुरसलीन के खिलाफ आगरा के विभिन्न थानों करीब 25 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार किए जाने के बाद जगदीशपुरा पुलिस मुरसलीन को लेकर एसएन मेडिकल कॉलेज गई जहां उसका इलाज किया जा रहा है। यह मुठभेड़ मंगलवार तड़के आगरा के बिचपुरी पथौली मार्ग पर हुई। एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि बिचपुरी पथौली मार्ग पर पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। तभी संदिग्ध को रोका गया। वह भागने लगा। पुलिस ने जब आरोपित को रुकने को कहा तो उसने जान से मारने की नीयत से अवैध असलहे से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम मुरसलीन पुत्र फय्याज निवासी धौलाना हापुड़ बताया।

---

टिकट से ट्रेन स्टेटस तक, एक ऐप पर सभी सेवाएं:

# रेलवे ने लॉन्च किया 'स्वरेल' ऐप

- लाइव ट्रैकिंग और शिकायत की सुविधा भी उपलब्ध

**नई दिल्ली.** भारतीय रेलवे ने अपना नया एप स्वरेल (SwaRail) एंड्रॉएड यूजर्स के लिए रोलआउट कर दिया है। यह एप यात्रियों को टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेन स्टेटस और खाना ऑर्डर करने तक की सभी सेवाएं एक ही जगह पर देगा।

इसके अलावा, इस एप का उपयोग करके यूजर्स अपनी यात्रा से जुड़ी किसी भी समस्या का समाधान आसानी से कर सकेंगे। इसे सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस (CRIS) ने डेवलप किया है।

'स्वरेल' भारतीय रेलवे की अलग-अलग डिजिटल सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर इंटीग्रेट करता है, जिससे यात्रियों को अलग-अलग एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं होगी। इसलिए इसे सुपर एप कहा जा रहा है।

### कैसे इस्तेमाल करें?

स्वरेल गूगल प्ले स्टोर पर एंड्रॉएड यूजर्स (वर्जन v127) के लिए अवेलेबल हो गया है। इसे अब तक 1 लाख से ज्यादा लोग डाउनलोड कर चुके हैं। हालांकि, यह एप ल एप स्टोर में अवेलेबल नहीं है। एंड्रॉएड यूजर्स इसे डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए स्टेप्स फॉलो कर सकते हैं।

**स्टेप-1:** मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर खोलें, SwaRail सर्च करें और इस आइकन पर क्लिक कर इन्सटॉल करें।

**स्टेप-2:** बीटा वर्जन इस्तेमाल कर रहे यूजर्स एप खोलें, IRCTC रैल कनेक्ट या UTS मोबाइल के यूजरनेम/पासवर्ड से लॉगिन करें।

**स्टेप-3:** नए यूजर्स रजिस्टर ऑप्शन चुनें, मोबाइल नंबर, ईमेल और पासवर्ड डालकर अकाउंट बनाएं।

**स्टेप-4:** MPIN सेट करें या फिंगरप्रिंट या फेस ID से लॉगिन करें, गेस्ट लॉगिन के लिए मोबाइल नंबर के साथ OTP यूज करें।

**स्टेप-5:** पहली बार लॉगिन पर ऑटोमैटिक R-Wallet बनता है, मौजूदा UTS R-Wallet लिंक हो जाता है।

**स्टेप-6:** होमपेज पर रिजर्व्ड/अनरिजर्व्ड/प्लेटफॉर्म टिकट चुनें, स्टेशन, तारीख, क्लास डालकर बुक करें।

**अन्य सेवाएं:** PNR स्टेटस, ट्रेन लाइव ट्रैकिंग, खाना ऑर्डर, Rail Madad से शिकायत, रिफंड रिक्वेस्ट और कोच पोजिशन चेक करें।

#### IRCTC एप की जरूरत खत्म नहीं होगी

नए एप के आने से IRCTC का महत्व बना रहेगा, क्योंकि यह प्लेटफॉर्म ट्रेन टिकट बुकिंग और टूरिज्म सर्विस के लिए फोकस्ड है। 'SwaRail' एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में काम करेगा, जहां टिकट बुकिंग के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। यह एप रेलवे की डिजिटल सेवाओं को सिंप्लिफाई करके यूजर्स को बेहतर अनुभव देगा।

---

# BJP ने राहुल के 2 पोस्टर जारी किए

- चेहरा PAK आर्मी चीफ के साथ मिक्स किया
- मीर जाफर भी बताया, जो अंग्रेजों का मददगार था



**नई दिल्ली.** भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया X पर राहुल गांधी के दो पोस्टर शेयर किए हैं। पहले में राहुल और पाकिस्तानी सेना के चीफ जनरल आसिफ मुनीर के चेहरे को एकसाथ जोड़ा गया है। इसके साथ ही दोनों की विचारधारा को एक बताया है।

मंगलवार को इस पोस्टर के साथ मालवीय ने लिखा- राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए। लेकिन, राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया।

इसके साथ ही मालवीय ने एक दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया है। दरअसल, मुगल जनरल मीर जाफर अंग्रेजों का मददगार था।

इस पोस्टर में राहुल पाकिस्तान की सीमा के अंदर PM शहबाज शरीफ के पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं तेज आवाज में पूछो।

---

पहलगाम अटैक वाली जगह का नाम

# 'शहीद हिंदू घाटी टूरिस्ट प्लेस' करने की मांग

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जिस स्थान पर 26 पर्यटकों को धर्म पूछकर मार डाला गया था, उसके नामकरण को लेकर एक अर्जी मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में पहुंची। इस जनहित याचिका में मांग की गई कि जिस स्थान पर इन लोगों को आतंकियों ने बेरहमी से मार डाला था, उसका नाम- 'शहीद हिंदू घाटी टूरिस्ट प्लेस' रखा जाए। इसके अलावा हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। इस अर्जी को चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस सुमीत गोयल की बेंच ने खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि ऐसी मांग पर फैसला सरकार या फिर संबंधित अथॉरिटीज की ओर से ही किया जा सकता है। इसमें अदालत की कोई भूमिका नहीं हो सकती। अदालत ने कहा, 'किसी स्थान को कुछ घोषित करना अथवा स्मारक तय करना या फिर नाम में बदलाव करना यह सरकार का काम है। इसके अलावा किसी दिवंगत व्यक्ति को बलिदानी का दर्जा देना भी हमारे हाथ में नहीं है। यह पूरी तरह से सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।' बेंच ने कहा कि अदालत पॉलिसी मेकिंग का काम नहीं कर सकती। हम इससे खुद को दूर ही रखते हैं क्योंकि यह पूरी तरह से संसद या फिर विधानसभा के अधिकार क्षेत्र में आता है।

---

यूट्यूबर ज्योति से NIA की पूछताछ, टेरर लिंक की जांच

# ज्योति के क्लाउड स्टोरेज में रडार और BSF मूवमेंट के वीडियो भी मिले



**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को NIA, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले।

वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतरराष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी।

उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुईं, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ।

#### कई महीनों से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी ज्योति

हाई रैंकिंग खुफिया सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध यात्राएं, विदेशी संपर्क और यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए संवेदनशील वीडियो के चलते ज्योति कई महीने से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी।

डिजिटल फॉरेंसिक जांच में उसकी विदेश यात्राओं के साथ-साथ पठानकोट, नाथू ला पास और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण मिले।

ज्योति के स्मार्टफोन और लैपटॉप की लोकेशन हिस्ट्री, फोटो मेटाडेटा और क्लाउड स्टोरेज ने रणनीतिक और सीमाई क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की ओर एजेंसियों का ध्यान खींचा।

ज्योति ने पूछताछ में क्या बताया, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। वह जून 2023, नवंबर 2023 और अप्रैल 2024 में पाकिस्तान गई थी।

वहीं, ज्योति की ट्रेवल ब्लॉग पार्टनर ओडिशा की प्रियंका सेनापति ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर पता होता कि वह दुश्मन देश की जासूस है, तो संपर्क नहीं करती।

---

# मायावती ने आकाश आनंद को बनाया मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर

- भतीजे को फिर सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**लखनऊ.** बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मायावती ने आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। रविवार को दिल्ली में हुई बसपा के वरिष्ठ नेताओं की मीटिंग में बसपा प्रमुख माावती ने इसकी घोषणा कर दी। आकाश आनंद को तीन नेशनल कोआर्डिनेटर रिपोर्ट भी करेंगे। आकाश आनंद आगामी चुनाव में प्रचार-प्रसार की कमान भी संभालेंगे। बतादें कि बसपा में तीन नेशनल कोआर्डिनेटर बनाए गए हैं। इनमें राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, रणधीर बेनीवाल और राजाराम शामिल है। रामजी गौतम बिहार प्रदेश के प्रभारी भी हैं। सूत्रों के अनुसार रविवार को हुई इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई।

### मार्च में बसपा से निकाले गए थे आकाश आनंद

मार्च में बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया था। साथ ही उन्हें नेशनल कॉर्डिनेटर समेत सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था। इसी के साथ मायावती ने कहा था कि अब उनके जीते-जी कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने आकाश आनंद को बसपा से निकाले जाने की जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इसकी जानकारी दी थी। इस पोस्ट में मायावती ने लगातार तीन पोस्ट लिखकर आकाश आनंद को खूब सुनाया था।

#### माफी मांगने के बाद मायावती ने भतीजे की बसपा में कराई थी वापसी

भतीजे आकाश आनंद द्वारा बसपा सुप्रीमो मायावती से माफी मांगे जाने के करीब सात घंटे बाद रविवार की शाम 8.21 बजे मायावती ने उनकी माफी को मंजूर कर लिया और उन्हें पार्टी में एक और मौका दे दिया था। इसी के साथ आकाश आनंद का बसपा में वापसी हो गई। 13 अप्रैल की दोपहर करीब 1.15 बजे सोशल मीडिया एक्स पर आकाश आनंद ने अपनी बुआ व बसपा सुप्रीमो मायावती ने माफी मांगते हुए कहा था कि उन्हें पार्टी में काम करने के लिए एक मौका दिया जाए। आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातों और खासकर अपने ससुराल वालों को कतई बाधा नहीं बनने दूंगा। आकाश आनंद का डा. भीमराव अंबेडकर जयंती से ठीक एक दिन पहले सोशल मीडिया एक्स पर सार्वजनिक रूप से माफी मांग कर यह साफ कर दिया था कि वह किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

---

# अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर फिर एक्शन

- चार घंटे में 2000 से ज्यादा मकानों-दुकानों पर चला बुलडोजर
- 3 हजार जवान तैनात



**अहमदाबाद.** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर फिर से बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। अब तक 1 हजार से ज्यादा मकानों-दुकानों को गिराया जा चुका है और कार्रवाई अब भी जारी है।

गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही इसकी तैयारियां शुरू कर दी थीं। अतिक्रमण हटाने के लिए 50 बुलडोजर और 50 डंपर और 25 हिताची मशीन लगाई गई हैं। इसके साथ ही 3000 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। डिमॉलिशन कार्रवाई सुबह साढ़े 6 बजे से शुरू हुई। अब तक करीब 2000 मकानों-दुकानों को गिराया जा चुका है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, SOG, साइबर क्राइम और SRP की टीमें भी इलाके में तैनात की गई हैं।

#### 29 अप्रैल को हुआ था डिमॉलिशन का पहला चरण

इससे पहले बीती 29 अप्रैल को यहां मेगा डिमॉलिशन का पहला चरण शुरू हुआ था, जो पांच दिन तक चला था। उस दौरान 500 से ज्यादा मकान-दुकान गिराए गए थे। पुलिस ने यहां से 890 संदिग्ध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया था। इनमें से 243 लोगों की पहचान बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में हुई। बाकियों की जांच जारी है। इनमें 143 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट किया जा चुका है।

---

# अहमदाबाद में खेला जाएगा IPL का फाइनल



- क्वालिफायर-2 भी यहीं होगा
- प्लेऑफ के दो मैच मोहाली में होंगे;
- RCB-SRH मैच लखनऊ शिफ्ट

IPL 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। यह फैसला मंगलवार को BCCI की एक बैठक में लिया गया।

बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है।

भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को IPL को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरुआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं।

#### हैदराबाद की टीम लखनऊ में ही रुकेगी

हैदराबाद की टीम मंगलवार को बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम ने उड़ान कैंसिल कर दी है। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

#### BCCI ने मैच के समय को एक घंटा और बढ़ाया

BCCI ने IPL मैच के लिए निर्धारित अतिरिक्त समय को एक घंटे के लिए बढ़ा दिया है। मंगलवार (20 मई) से सभी मैचों में 120 मिनट की अतिरिक्त वेटिंग टाइम होगा। पहले, यह सिर्फ एक घंटे का होता था।

---

# हरियाणा में 3 महीने में 4100 लोग लापता

- HHRC ने लिया संज्ञान; प्रतिदिन 45 गायब
- 1000 से ज्यादा अपहरण केस, 31 को होगी अगली सुनवाई






हरियाणा में तीन महीने में 4100 से अधिक लोगों के मिसिंग होने के मामले सामने आए हैं। इन मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए हरियाणा मानवाधिकार आयोग (HHRC) ने स्वतः: संज्ञान लिया है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 4100 से अधिक लोग लापता हुए, यानी प्रतिदिन औसतन 45 से अधिक व्यक्ति गायब हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त 1000 से अधिक किडनैपिंग के मामले दर्ज हुए हैं। साथ ही मर्डर और गैर इरादतन हत्या की घटनाओं में भी पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। ये आंकड़े सार्वजनिक सुरक्षा तंत्र के विफल होने की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं।

#### 31 को फिर आयोग करेगा सुनवाई

हरियाणा मानव अधिकार आयोग के प्रोटोकाल, सूचना व जनसंपर्क अधिकारी डॉ पुनीत अरोड़ा ने बताया कि आयोग के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर यह स्थिति आयोग की त्वरित हस्तक्षेप और प्रशासनिक जांच की मांग करती है।

जवाबदेही तय करने और मौलिक मानवाधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाना भी आवश्यक है।आयोग ने पुलिस महानिदेशक (जांच) हरियाणा पंचकूला से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो वर्ष 2021 से 2025 तक के गुमशुदा व्यक्तियों, अपहरण और हत्या के मामलों की वास्तविक स्थिति जांच की प्रगति और अधिकारियों द्वारा उठाए गए निवारक उपायों का विवरण आठ सप्ताह में प्रस्तुत करें। मामले में अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

---

# सेना अधिकारी बोले- पूरा पाकिस्तान हमारी रेंज में

- रावलपिंडी से खैबर पख्तूनख्वाह तक कहीं भी स्ट्राइक कर सकते हैं





**नई दिल्ली.** भारतीय सेना ने कहा है कि भारत के पास इतनी ताकत है कि वह पाकिस्तान के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकता है। ANI से बातचीत में एयर डिफेंस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान ने कहा- चाहे पाकिस्तानी सेना अपना मुख्यालय रावलपिंडी से हटाकर खैबर पख्तूनख्वाह तक कहीं और क्यों न ले जाए, वह हमारी रेंज में ही रहेगा।

इधर, इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, सिर्फ रोका गया है। उन्होंने पाकिस्तान से मांग की कि हाफिज सईद, सज्जाद मीर और जकीउर रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकियों को भारत को सौंपा जाए।

उन्होंने कहा- हमने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारत अब नई रणनीति पर काम कर रहा है, जहां भी आतंकी होंगे, हम हमला करेंगे और उनके ठिकाने तबाह करेंगे।

उधर, भारतीय सेना ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ हमारे स्वदेशी हथियार बेहद कारगर रहे। आकाशतीर डिफेंस सिस्टम और L-70 एयर डिफेंस गन ने पाकिस्तान के हर ड्रोन और मिसाइल को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ने ये हमले 9-10 मई को किए थे।

#### आर्मी चीफ राजस्थान की लोंगेवाला पोस्ट पहुंचे

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को राजस्थान के लोंगेवाला में सीमावर्ती इलाके में पहुंचे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की सराहना की और भारतीय वायुसेना और BSF के साथ मिलकर की गई संयुक्त कार्रवाई का रिव्यू किया।

जनरल द्विवेदी का पांच दिन में फौज की पोस्ट पर यह पांचवां दौरा था। इससे पहले वे 15 मई को बारामूला में डैगर डिवीजन की पोस्ट्स पर पहुंचे थे।

---

# तुच्छ मुद्दे को आगे न बढ़ाएं, यहीं करें खत्म

- सीजेआई गवई ने की अपील



**मुंबई.** देश के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने प्रोटोकॉल वाले मामले को आगे न बढ़ाने की अपील की है। महाराष्ट्र प्रोटोकॉल विवाद पर गवई ने कहा, 'एक तुच्छ मुद्दे को अधिक नहीं बढ़ाना चाहिए। इसे लेकर खेद व्यक्त कर दिया गया। यह मामला अब बंद है। सभी से इस मुद्दे को शांत करने का आग्रह है।' सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी प्रेस नोट में जोर देकर कहा गया कि इस तरह के छोटे मामलों पर अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। दरअसल, महाराष्ट्र के मूल निवासी न्यायमूर्ति गवई रविवार को सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई आए थे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त सहित राज्य के प्रमुख अधिकारी अनुपस्थित रहे थे, जिसकी काफी आलोचना हुई।

प्रोटोकॉल फॉलो न होने के मुद्दे की मीडिया पर जोरशोर से चर्चा होने लगी थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी चीफ जस्टिस गवई के विचारों को दोहराते हुए कहा कि प्रोटोकॉल का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीरों के बगल में उपराष्ट्रपति की तस्वीर नहीं होने को लेकर दुख जताया था। धनखड़ ने सोमवार को कहा कि वह भी एक तरह से प्रोटोकॉल के पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, 'आपने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीर देखी होगी, लेकिन उपराष्ट्रपति की नहीं। अपना कार्यकाल समाप्त होने पर मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मेरे उत्तराधिकारी की तस्वीर जरूर हो।'

#### प्रोटोकॉल को लेकर क्या थी CJI की नाराजगी

सीजेआई गवई ने सीनियर अधिकारियों की अनुपस्थिति पर खुलकर अपनी निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, 'जब किसी संवैधानिक संस्था का प्रमुख पहली बार किसी राज्य का दौरा करता है, तो उनके स्वागत के तरीके पर विचार किया जाना चाहिए। ये मामूली बातें लग सकती हैं, लेकिन इनका महत्व कम नहीं किया जा सकता।' न्यायमूर्ति गवई ने लोकतंत्र के स्तंभों के बीच परस्पर सम्मान के सिद्धांत का जिक्र करते हुए कहा, 'न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका संविधान के समान अंग हैं। यह जरूरी है कि प्रत्येक एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान दिखाए।'

## संक्षेप...

### ठाणे शहर में रिक्शे में लगी आग

**ठाणे.** मंगलवार को ठाणे शहर में पार्क किए आटो रिक्शा में आग लग गई।इस दौरान रिक्शा पूरी तरह जलकर राख हो गया।इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई बताई गई है।ठाणे पश्चिम के वर्तक नगर, भीम नगर घडयाल चौक, रौनक रेसीडेंसी के पास पार्क किए गए रिक्शे में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष के कर्मचारी, वर्तक नगर के पुलिस कर्मी एवं फायर ब्रिगेड के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष के कर्मचारी व फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया.

# छगन भुजबल बने कैबिनेट मंत्री

- **बोले- अंत भला तो सब भला, जो जिम्मेदारी मिलेगी निभाऊंगा**
- **धनंजय मुंडे की ली जगह**

**मुंबई.** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता छगन भुजबल ने मंगलवार सुबह महाराष्ट्र कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा- 'कहते हैं न- अंत भला तो सब भला। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा।'

दरअसल, पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, 77 साल के छगन को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था, जिससे वह नाराज चल रहे थे।

भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट में NCP के दिग्गज नेता धनंजय मुंडे की जगह ली है।। मुंडे ने मार्च में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।



भुजबल को यही खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय मिल सकता है, क्योंकि इसके पहले वह दो बार यह मंत्रालय संभाल चुके हैं।

दिसंबर में मंत्री पद नहीं मिलने पर कहा था- क्या मैं खिलौना हूं

महाराष्ट्र के नासिक जिले के येवला से विधायक भुजबल का कई दशकों लंबा राजनीतिक करियर रहा है। वह राज्य में OBC समुदाय के एक बड़े नेता हैं। भुजबल इससे पहले अलग-अलग सरकारों में उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री के पद पर काम कर चुके हैं। पिछले साल दिसंबर में मुख्यमंत्री फडणवीस के मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान उन्हें मंत्री पद नहीं मिला था, जिससे वह नाराज थे। उन्होंने 17 दिसंबर को नागपुर में एक एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि मुख्यमंत्री फडणवीस उन्हें मंत्री बनाने के पक्ष में थे, लेकिन NCP अध्यक्ष अजित पवार ने इस पर कोई फैसला नहीं किया।

# महिला के गले से 2.82 लाख का मंगलसूत्र छीना

- **महिलाओं में भय का माहौल**

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में मोटर साइकल सवार चोरों ने 2 महिलाओं को निशाना बनाते हुए 2 लाख 82 हजार रुपये के मंगलसूत्र उड़ा कर फरार हो गए है. घटना से क्षेत्र की महिलाओं में भय का माहौल व्याप्त है.

पुलिस के मुताबिक, कामतघर रोड पर आवासीय भवन सिल्वर लीफ रेजीडेंसी निवासी भारती अशोक शाह अपने एक्टिवा दोपहिया वाहन से कामतघर रोड स्थित कल्पतरु गार्डन सोसायटी के पास से गुजर रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार 2 अज्ञात युवकों ने भारती शाह के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए.दूसरी घटना में अंजुरफाटा रोड पर रेजीडेंसी बिल्डिंग निवासी 60 वर्षीय महिला अनिला लीलाधर गोसरानी पैदल जा रही थी तभी टीजेएसबी बैंक के सामने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र, टीजेएसबी बैंक के सामने दो बाइक सवार संदिग्ध आरोपियों ने गले से मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए. पीड़िता महिलाओं की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस स्टेशन में 2 लाख 82 हजार रुपये की मंगलसूत्र चेन छीनने का मामला दर्ज किया गया है.

# ग्रामीण पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा



**ठाणे.** ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए मई महीने की शुरुआत से जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष मुहीम शुरुआत की है।ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. डी एस स्वामी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भारत तांगड़े ने ठाणे ग्रामीण पुलिस दल कार्यक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई करने के सख्त आदेश जारी किया था।इस आदेश के तहत स्थानीय अपराध विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश मनोरे के मार्गदर्शन में पुलिस विविध टीम ने जिले में कार्रवाई शुरू की।इस कार्रवाई के दौरान 15 मई को पुलिस उप निरीक्षक महेश कदम और हवलदार प्रकाश साईल को वाशिंद में एक संदिग्ध व्यक्ति के गांजा बिक्री करने की जानकारी मिली। जानकारी के आधार पर वाशिंद पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी पुलिस निरिक्षक हर्षवर्धन बारवे की टीम ने वाशिंद के ख़ातिवाली गाँव स्थित शुभवास्तु इमारत के रूम नंबर 404 में छापा मारा। पुलिस ने आरोपी विशाल वसंत शेलार (28) के घर से दो लाख 10 हजार कीमत का गांजा और पांच लाख नगद कुल 7 लाख 10 हजार रुपए का माल बरामद किया। पुलिस निरीक्षक बारवे ने पनच के सामने सविस्तार पंचनामा कर माल जप्त कर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।आरोपी के विरुद्ध वाशिंद पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम 8(क), 20 (ब) और 29 की तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया की आरोपी से मामले में शामिल अन्य आरोपियों और गांजे का सेवन करने वालों लोगों पर भी कड़क कार्रवाई होगी।

### कलियुगी बेटे ने अपनी मां को लकड़ी के डंडे से बेरहमी से पीटा

**भिवंडी.** शांतिनगर इलाके के चव्हाण कॉलोनी से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. एक कलयुगी बेटे ने मां के साथ पुराने झगड़े के कारण अपनी मां को लकड़ी के डंडे से पिटाई कर दिया और गालीगलौज करते हुए दुर्व्यवहार किया. पुलिस के मुताबिक, आरोपी साजिद और उसकी मां कनिश का कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था.इस बात से नाराज होकर साजिद ने दोपहर में घर पर कनिश से बहस करते हुए कहा, 'तू मेरे खिलाफ पुलिस को शिकायत करती है. मैं तुझे और सना को जान से मार दूंगा.

# कोरोना के चलते ठाणे मनपा अलर्ट पर

- **हांगकांग, सिंगापुर के कारण एहतियात, अस्पताल तैयार**



**ठाणे.** हांगकांग और सिंगापुर में कोरोना के मरीज फिर से बढ़ रहे हैं। मुंबई में दो लोगों की कोरोना वायरस से मौत होने का संदेह होने के बाद ठाणे मनपा के स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि ठाणे मनपा के कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था तैयार रखी गई है।

छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में एक आइसोलेशन वार्ड स्थापित किया गया है। इसके साथ ही, पर्याप्त चिकित्सा आपूर्ति, डॉक्टर और अन्य टीमें भी तैयार हैं। कोरोना मरीजों में बुखार और खांसी के लक्षण होते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही सभी नगर पालिकाओं को ऐसे रोगियों पर कड़ी नजर रखने और पाए जाने पर जांच कराने का निर्देश दिया है। कोरोना के खतरे को ध्यान में रखते हुए कलवा के स्थानीय अस्पताल में एक विशेष कक्ष स्थापित किया गया है। इससे सिस्टम सतर्क हो गया है।

नागरिकों को सावधान रहना चाहिए। यदि आपको खांसी और बुखार जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर जांच करानी चाहिए। इससे पहले मार्च 2020 में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने से भारी हड़कंप मच गया था। ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में दो लाख 305 कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए। इनमें से एक लाख 98 हजार 45 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं।

### कलवा अस्पताल में 19 बिस्तरों की उपलब्धता

कलवा के अस्पताल में 19 बिस्तर तैयार रखे गए। इनमें से 15 सामान्य और चार गहन चिकित्सा इकाई के बिस्तर हैं। डॉक्टरों और नर्सों की टीमें तैयार रखी गई हैं। नगर निगम ने कहा है कि यहां मरीजों का इलाज किया जाएगा।

# ठाणे सिविल अस्पताल में मैमोग्राफी मशीन का उद्घाटन



- **स्तन कैंसर का शीघ्र निदान संभव**

**ठाणे.** स्तन कैंसर महिलाओं में पाया जाने वाला एक गंभीर और प्रचलित रोग है। लेकिन समय पर निदान होने पर सफल उपचार संभव है।ठाणे सिविल अस्पताल में एक डिजिटल मैमोग्राफी मशीन की शुरुआत की गई। इसलिए अब स्तन कैंसर के लिए आवश्यक परीक्षण कराने के लिए मुंबई के निजी अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं होगी।इसका का उद्घाटन मंगलवार को जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने किया।इस समय अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े, डॉ. निशिकांत रोकड़े, डॉ. सचिन घोलप, डॉ. अविनाश पडलकर आदि विविध विभाग प्रमुख व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।मैमोग्राफी एक विशेष प्रकार की एक्स-रे जांच है जो स्तनों में परिवर्तन, गांठ या कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने में मदद करती है। यह पूरी प्रक्रिया कुछ ही सेकंड में पूरी हो जाती है और इससे ज्यादा असुविधा नहीं होती। सामान्यतः 50 से 74 वर्ष की आयु की महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि इस आयु की महिलाओं को हर दो साल में मैमोग्राफी करानी चाहिए। 40 से 49 वर्ष की आयु वाली महिलाओं को स्क्रीनिंग की आवृत्ति और आवश्यकता निर्धारित करने के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।इस मैमोग्राफी मशीन से अब ठाणे और आसपास के क्षेत्र की महिलाएं सही समय पर और कम लागत पर स्तन कैंसर की जांच करा सकेंगी।

### तस्करी में 5.75 किलो सोना बरामद

**मुंबई.** सीमा शुल्क विभाग ने शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्टीय हवाई अड्डे पर दो अलग-अलग अभियानों में लगभग 5 करोड़ मूल्य का 5.75 किलोग्राम तस्करी किया हुआ सोना जब्त किया। तस्करी के प्रयास के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई की और हवाई अड्डे के प्रस्थान क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों को रोका। पहले मामले में, हर्षल अनिल भरत नामक एक व्यक्ति, जो हवाई अड्डे के लाउंज में से एक में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी है, को स्टाफ कॉरिडोर पार करने का प्रयास करते समय रोका गया। उसकी तलाशी लेने पर, AIU अधिकारियों को उसके अंदरूनी कपड़ों के भीतर छिपी हुई छह थैलियाँ मिलीं। इन थैलियों में मोम में सोने की धूल थी जिसका वजन लगभग 2.8 किलोग्राम था, जिसकी अनुमानित कीमत 2.48 करोड़ है। विस्तृत पूछताछ के बाद, उसने कथित तौर पर अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। एक औपचारिक जब्ती पंचनामा तैयार किया गया, और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

कुछ घंटों बाद, दूसरी घटना में, AIU अधिकारियों ने स्टाफ एग्जिट पॉइंट पर नितिन दशरथ इंगले नामक एक अन्य व्यक्ति को पकड़ा। उसकी जैकेट की तलाशी लेने पर जेब में छह थैलियाँ मिलीं, जिनमें मोम में 2.95 किलोग्राम सोने की धूल थी, जिसकी कीमत 2.62 करोड़ थी। इंगले ने यह भी कबूल किया कि सोना उसे एक ट्रांजिट यात्री ने दिया था और निर्देश दिया था कि इसे बाद में दे दिया जाए। पंचनामा पूरा होने के बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों पर सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और वे फिलहाल हिरासत में हैं।

# पार्किंग नियम तोड़ने पर सहायक अभियंता पर कार्रवाई

**मुंबई.** दक्षिण मुंबई के ए वार्ड के एक सहायक अभियंता को नगरपालिका के पे-एंड-पार्क अनुबंधों के प्रबंधन में कदाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया है। अतिरिक्त नगर आयुक्त (शहर) डॉ. अश्विनी जोशी द्वारा जारी आदेश में पवन कावरे को शहर के प्रमुख स्थानों पर पार्किंग स्थलों के अनुबंधों को संभालने में कई अनियमितताओं की प्रारंभिक जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है।

हाल ही में काला घोड़ा में एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद अनियमितताएं सामने आईं, जहां बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने, जो गुप्त रूप से गए थे, जहांगीर आर्ट गैलरी के बाहर पे-एंड-पार्क सुविधा में अपनी कारें पार्क करने का प्रयास किया। निलंबन आदेश 17 अप्रैल को जारी किया गया था, जबकि ठेकेदार के खिलाफ काला घोड़ा और अन्य स्थानों पर पे-एंड-पार्क लॉट पर वाहन चालकों से अधिक पैसे वसूलने के आरोप में एफआईआर दर्ज होने से भी पहले, जिसकी रिपोर्ट 15 मई को दर्ज की गई थी।

कावरे पर सहायक अभियंता के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान गंभीर चूक का आरोप है, विशेष रूप से निम्नलिखित साइटों पर पेड पार्किंग परियोजनाओं की देखरेख में: ट्राइडेंट होटल, मरीन ड्राइव, जहां पार्किंग स्थल के प्रबंधन का ठेका लक्ष्मी महिला साहित्य समूह को दिया गया था। हालांकि ठेका 31 अगस्त, 2024 को समाप्त हो गया, लेकिन ठेकेदार ने बिना किसी आधिकारिक विस्तार या अनुमोदन के 28 फरवरी, 2025 तक इसे संचालित करना जारी रखा।

इसके अतिरिक्त, कावरे ने कथित तौर पर सड़क को 'सर दोराबजी टाटा रोड' के रूप में गलत पहचान देकर प्रशासन को गुमराह किया और एनसीपीए से एयर इंडिया बिल्डिंग को दोहरे पार्किंग उल्लंघन की रिपोर्ट करने में विफल रहे। पल्लवी बेरोजगार समिति द्वारा प्रबंधित अनुबंध भी 13 नवंबर, 2024 को समाप्त हो गया। हालांकि, उन्होंने बिना किसी विस्तार के 24 फरवरी, 2025 तक परिचालन जारी रखा। इसके बाद का अनुबंध 3 अक्टूबर, 2023 को ई-टेंडर के तहत एक एजेंसी को दिया गया.

निलंबन आदेश में कहा गया है, डबल पार्किंग पाए जाने के बावजूद, कावरे द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक महिला स्वयं सहायता समूह को केवल 4 जनवरी, 2024 तक अनुबंध विस्तार दिया गया था, लेकिन औपचारिक अनुमोदन के बिना 1 मई, 2024 तक संचालन जारी रखा। बाद में श्रद्धा महिला सफाई समूह के पक्ष में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें अनुबंध अवधि के बारे में भ्रामक जानकारी दी गई, जो हेरफेर किए गए दस्तावेज़ों का संकेत देता है।₹


Adarsh Shikshan Mandal's
IDEAL COLLEGE OF EDUCATION
D.El.Ed. Marathi & English Medium
Academic Year 2025-26

...............REQUIREMENTS...............

| Sr.No. | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1) | Lecturer 2 | Good Academic Record with M.A. (Philosophy, Sociology & Psychology), B.Ed. & M.Ed. with 50% Marks. (Foundation of Education) |
| 2) | Lecturer 1+2+1=4 | M.A. (Hindi) & M.A.(History/Geography) & M.Sc. (Mathematics),B.Ed. & M.Ed. with 55% Marks in relevant school subject. |
| 3) | Lecturer 2 | Master Degree in Fine Arts/Performing Arts/Music Dance with 50% Marks. |
| 4) | Non-Teaching Staff 2 | Graduation in Computer Technician cum Store Keeper & Computer Assistant (BCA./ B.Tech with Computer Science) |

Walk in Interview on Date :- 26/05/2025
Ideal College of Education
AdarshVidyanagari, 21/11, Bhal-Wasar, Post-Dwarli
Shri-Malang Road, Via.KalyanRly.Stn.,
Tal-Ambernath,Dist-Thane Pin Code 421306
Ph.No.7718838222



Janata Shikshan Pracharak Samiti's
Pandit Rajpati Mishra AdhyapakVidyalaya
D.El.Ed. English Medium
Academic Year 2025-26

...............REQUIREMENTS...............

| Sr.No. | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1) | Lecturer 2 | Good Academic Record with M.A. (Philosophy, Sociology & Psychology), B.Ed. & M.Ed. with 50% Marks. (Foundation of Education) |
| 2) | Lecturer 1+2+1=4 | M.A. (Hindi) & M.A.(History/Geography) & M.Sc. (Mathematics),B.Ed. & M.Ed. with 55% Marks in relevant school subject. |
| 3) | Lecturer 2 | Master Degree in Fine Arts/Performing Arts/Music Dance with 50% Marks. |
| 4) | Non-Teaching Staff 2 | UDC/Office Supritedent& Computer Lab Assistant (BCA.B.Tech with Computer Science) |

Walk in Interview on Date :- 26/05/2025
PanditRajpati Mishra AdhyapakVidyalaya
Manorama Nagar, Near Shankar Mandir , Dhokali, Thane (W)
Pin Code 400607
Phone No.25893835


# टाइगर के ड्रेसिंग स्टाइल पर यूजर्स ने ली चुटकी



- **अवॉर्ड्स शो में एक्टर ने किया था परफॉर्म**

शनिवार को मुंबई में 23वें जी सिने अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन हुआ। तब से तमन्ना भाटिया, राशा ठडानी और अनन्या पांडे की परफॉर्मेंस चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच अब टाइगर श्रॉफ की परफॉर्मेंस का भी वीडियो सामने आया है। जहां एक ओर लोगों ने उनके डांस की तारीफ की, वहीं दूसरी ओर उनके अनोखे ड्रेसिंग स्टाइल ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं।

### जी सिने अवॉर्ड्स में टाइगर की परफॉर्मेंस

टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड के बेहतरीन डांसर्स में शुमार हैं। जी सिने अवॉर्ड्स में उन्होंने अपने कई हिट गानों पर जबरदस्त डांस परफॉर्मेंस दी। उनके शानदार बैकफ्लिप और मूनवॉक ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही उनका डांस वीडियो सामने आया, यूजर्स की नजर सबसे पहले उनके अनोखे ड्रेसिंग स्टाइल पर गई। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मजेदार मीम्स की बाढ़ आ गई।

### फैंस के रिएक्शन

एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में पूछा, 'भाई, टॉप क्या कृति से मांग कर लाए हो?', एक अन्य ने चुटकी ली, 'श्रद्धा कपूर का फोन आया था, वो अपना टैंक टॉप वापस चाहती है।', एक ने लिखा – 'ब्लाउज गोल!' तो किसी ने कमेंट किया, 'शकीरा की ड्रेस क्यों पहन ली भाई?'।


Staff Required
SINDHI MALE
Qualification
B.COM PASSED
For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN
Qualification-
10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475



उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099